# वाटर प्लस और गार्बेज फ्री सिटी के अंकों से तय होगी रैंकिंग

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 ● 15 मार्च तक अपलोड करना है दस्तावेज, 7500 अंकों से होगा सफाई का आकलन, फीडबैक भी लिया जाएगा

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 के तहत शहर की सफाई की परीक्षा में इस बार नगर निगम अपनी कमजोर कड़ियों को मजबूत करने में लगा है।

इसमें कचरा मुक्त शहर (जीएफसी) और वाटर प्लस पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 2021 में स्टार रैंकिंग सर्टिफिकेशन में कम अंक मिलने से रैंक पर असर आया था, लेकिन इस बार एसटीपी शुरू होने से न केवल सीवरेज का पानी साफ कर उपयोग में लिया जा रहा है बल्कि जीएफसी के लिए पालिथीन प्रतिबंध, डिस्पोजल पर रोक और कचरा संग्रहण व निष्पादन की व्यवस्था भी बेहतर की गई है। स्वच्छ सर्वेक्षण के पोर्टल पर 15 मार्च तक निगम को इन दोनों सैगमेंट में दस्तावेज भी अपलोड करना है।

मालूम हो कि इस बार सर्वेक्षण 7500 अंक का होगा, जबकि पिछले सर्वेक्षण में 6000 अंक थे। शहरों की सफाई के आकलन करने के लिए कई



नए मापदंड जोड़े गए हैं। जनता से फेस-टू-फेस फीडबैक के लिए केंद्रीय टीम आएगी।

डिजिटल आकलन पहले ही शुरू हो चुका है। इस बार सर्वेक्षण में सीनियर सिटीजन और युवाओं से अधिक फीडबैक लिया जाएगा। कोरोना वेस्ट मैनेजमेंट के साथ ही धार्मिक व सामाजिक आयोजन से निकल रहे कूड़े के निस्तारण की क्या व्यवस्था है, इसके भी अंक तय किए गए हैं।

### सर्विस लेवल प्रोग्रेस के इस बार 3000 अंक

पिछले साल स्वच्छता सर्वेक्षण में सर्विस लेवल प्रोग्रेस के 2000 अंक निर्धारित किए थे। इस मर्तबा 3000 किया गया है। सर्विस लेवल प्रोग्रेस में प्लास्टिक व पालिथीन पर प्रतिबंध, गीला व सूखा कूड़ा अलग-अलग उठाने की व्यवस्था, कूड़े का निस्तारण और सीवरेज की सफाई आदि शामिल है। इसमें इस बार सफाई मित्र सुरक्षा को भी जोड़ा है, यानी शहर में सफाई का काम मैन्युअल या मशीनी है, उसमें कर्मचारी सुरक्षा उपकरणों से लैस हैं या नहीं। सफाई मित्रों का कोरोना टीकाकरण हुआ या नहीं। इन सभी सेवा के आधार पर कुल 3000 अंक सर्विस लेवल प्रोग्रेस के रखे हैं।

> सख्त कार्रवाई की जा रही है
>
> शहर में गंदगी फैलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से साफ किया गया पानी भी आमजन, औद्योगिक व निर्माण यूनिटों में पेयजल उपयोग को छोड़कर किया जा सकता है। निगम ने पानी लेने के लिए दर निर्धारित की है। शहरवासियों के सहयोग से ही स्वच्छता की दौड़ में अव्वल आएगा।
>
> **- सोमनाथ झारिया, निगमायुक्त**

### सिटीजन वायस के 2250 अंक

2250 अंक सिटीजन वायस के निर्धारित किए हैं, इसमें यह परखा जाएगा, कि शहर को साफ-सुथरा रखने में किस तरह निगम काम कर रहा। इसके अलावा 10 सवाल शहरवासियों से पूछे जाएंगे। इसमें घरों से रोजाना कूड़ा उठता है या नहीं, क्या आप गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग कर डालते हैं, क्या आप जानते हैं कि आप नजदीकी टायलेट को गूगल पर सर्च कर सकते हैं। क्या आपने सैनिटेशन संबंधी शिकायत करने के लिए स्वच्छता एप या सिटी बेस्ड कोई एप अपने मोबाइल में डाउनलोड किया है।

### नगर निगम की तैयारी इस तरह

- **गंदगी फैलाने वालों पर चालान :** शहर में गंदगी फैलाने वालों के विरुद्ध चल रही कार्रवाई में नगर निगम ने गत एक माह में 1000 से अधिक व्यक्तियों का चालान कर जुर्माना भी वसूला। रविवार को 21 व्यक्तियों पर जुर्माना कर 15 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। गंदगी व अतिक्रमण ना करने की समझाइश भी दी गई।
- **खुले में शौच :** रविवार को खुले में शौच करने पर प्रकाश रंजन से 500 रुपये, खुले में यूरिन करने पर घनश्याम, रमेश, सुखराम से 100-100 रुपये, मुकेश, सेमसन व कृष्णपाल सिंह से 50-50 रुपये का जुर्माना वसूला गया। सैलाना बस स्टैंड क्षेत्र में रमेश मईड़ा ग्राम मकोड़िया रूंडी तहसील सैलाना द्वारा खुले में यूरिन करने पर एफआइआर दर्ज कराकर 24 घंटे के लिए थाने में बैठाया गया।
- **कचरा संग्रहण :** घर-घर से कचरा संग्रहण में कसावट की जा रही है। रविवार को कचरा संग्रहण वाहन के आठ वाहन चालक व हेल्परों द्वारा बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त का नोटिस जारी किया गया।
- **निर्माण एवं विध्वंस सामग्री :** नगर निगम द्वारा योजना क्रमांक 71 राजीव गांधी सिविक सेंटर में निर्माण एवं विध्वंस सामग्री केंद्र बनाया गया है। नागरिक मोबाइल नंबर 7471144078 पर काल करके सामग्री को उठवा सकते हैं।

**2021 के परिणाम पर नजर**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में शहर को एक से दस लाख की आबादी वाले 372 शहरों में 42वां स्थान मिला था। 6000 में से मिले कुल 3930.37 अंक मिले थे। इसमें सर्विस लेवल प्रोग्रेस के लिए सर्वाधिक 40 प्रतिशत (2400) अंक में 1903 अंक, सिटीजन वाइस के 1800 अंक में 1526.53 व सर्टिफिकेशन-स्टार रेटिंग के 1800 अंक में 500 अंक मिले थे।

### सर्टिफिकेशन के भी 2250 अंक

2250 अंक सर्टिफिकेशन के निर्धारित किए हैं। पिछले साल 1800 अंक निर्धारित थे। शहर पूरी तरह खुले में शौच मुक्त है या नहीं। इसमें सेवन स्टार सिटी के 1250 अंक, फाइव स्टार सिटी के 1000 अंक, थ्री स्टार सिटी के 800 अंक, वन स्टार सिटी के 500 अंक, ओडीएफ प्लस सर्टिफिकेट के 400, ओडीएफ प्लस प्लस सर्टिफिकेट के 800 अंक, और वाटर प्लस सर्टिफिकेट के 1000 अंक निर्धारित किए हैं।

नईदुनिया 7/3/22

# सख्ती : खुले में पेशाब करने पर एफआईआर, 24 घंटे थाने में बैठाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर को सफाई के मामले में टॉप सिटी में लाने के लिए नगर निगम हर दिन नई-नई सख्ती कर रहा है। ताजा मामला चौंकाने वाला है। दरअसल रविवार को सैलाना बस स्टैंड पर मकोड़िया रूंडी का रहने वाला रमेश मईड़ा खुले में पेशाब कर रहा था। यह देख स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पकड़ लिया। औद्योगिक क्षेत्र में एफआईआर भी दर्ज करवा दी। इतना ही नहीं 24 घंटे के लिए थाने पर ही बैठा दिया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया शहर ओडीएफ डबल प्लस घोषित है। इस कारण खुले में शौच व यूरिन करना प्रतिबंधित है। इसका उल्लंघन करने वालों पर एफआईआर करवाई जाएगी। जुर्माना भी किया जा रहा है। रविवार को ऐसे ही 8 व्यक्तियों पर जुर्माना किया गया। इनमें खुले में शौच करने पर प्रकाश रंजन पर 500 रुपए, खुले में यूरिन करने पर घनश्याम, रमेश, सुखराम से 100 रुपए, सेमसन व कृष्णपाल सिंह से 50 रुपए जुर्माना वसूला गया।

भास्कर

दै. भास्कर 7/3/22

# खुले में शौच तो पुलिस थाने बैठाया

रतलाम. शहर में नगर निगम के स्वच्छता दल को खुले में शौच करते एक युवक नजर आया तो उसको दंड देने के लिए निगम की टीम ने पुलिस थाने में 24 घंटे के लिए बिठा दिया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि शहर के सैलाना रोड स्थित बस स्टैंड पर रमेश मईड़ा खुले में शौच करता पाया गया। इसके बाद युवक को 24 घंटे के लिए पुलिस थाने में बिठाने का दंड दिया गया। इसके अलावा इसी प्रकार के मामले में 8 अन्य पर जुर्माना किया गया है। आयुक्त के अलावा शहर में गंदगी करने पर 21 व्यक्तियों पर जुर्माना लगाकर 15 हजार रुपए की राशि दंड लगाकर वसूली गई। पत्रिका

पत्रिका 7/3/22



# आयुष्मान कार्ड निर्माण का निरीक्षण एसडीएम शुक्ला ने किया

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए सघन कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को भी आईएमए में हाल अलकापुरी तथा अंबेडकर भवन में कैंप आयोजित कर आयुष्मान कार्ड निर्माण की कार्यवाही की गई। एसडीएम रतलाम शहर श्री राजेश शुक्ला द्वारा आईएमए हाल पहुंचकर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्रवाई का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान नायब तहसीलदार मनोज चौहान भी मौजूद थे। बताया गया है कि रतलाम शहर में अभी 13 हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण किए जाना है। रविवार को भी उक्त स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएंगे। प्रसारण

प्रसारण 7/3/22

# आयुष्मान कार्ड निर्माण का निरीक्षण एसडीएम शुक्ला ने किया

रतलाम, संवाददाता द्वारा। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर रतलाम शहर में आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए सघन कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार को भी आईएमए में हाल अलकापुरी तथा अंबेडकर भवन में कैंप आयोजित कर आयुष्मान कार्ड निर्माण की कार्यवाही की गई। एसडीएम रतलाम शहर राजेश शुक्ला द्वारा आईएमए हाल पहुंचकर आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्रवाई का निरीक्षण किया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार श्री मनोज चौहान भी मौजूद थे। बताया गया है कि रतलाम शहर में अभी 13 हजार आयुष्मान कार्ड निर्माण किए जाना है। रविवार को भी उक्त स्थानों पर कैंप आयोजित किए जाएंगे।

सेतु संकल्प 7/3/22

विभागों में तालमेल का अभाव, बारिश में उद्योगपतियों की बढ़ेगी परेशानी

# पानी की पाइप लाइन डालने औद्योगिक क्षेत्र की दो करोड़ की सीसी रोड खोद दी




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


रतलाम. नगर निगम की कार्य करने वाली एक एजेंसी ने रविवार का फायदा उठाते हुए पानी की पाइप लाइन डालने के नाम पर औद्योगिक क्षेत्र में बनी दो करोड़ की सीसी रोड को 100 फीट तक खोद दिया। इसके साथ ही ड्रेनेज सिस्टम के तहत बने चैम्बर व नाली को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जबकि इस मामले में उद्योग एवं व्यापार केंद्र के अधिकारियों से कोई बात नहीं की। ऐसे बारिश के दिनों में औद्योगिक क्षेत्र में पानी भरने की समस्या पैदा होगी। इस मामले में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के जिम्मेदारों का कहना है कि इस मामले में आयुक्त से बात हुई है। वे इसको ठीक करा कर देंगे।

सुबह जब औद्योगिक क्षेत्र में रोड की खुदाई चल रही थी। इसी दौरान संभागीय उद्योग संघ के पूर्व सचिव अरिहंत पोरवाल अपनी फैक्टरी पर जा रहे थे। इस प्रकार रोड को खोदते देख कर उन्होंने कार्य करने वालों से रोड खोदने की विभाग की अनुमति मांगी तो वे नहीं दे पाए, और ताबड़तोड़ काम छोड़ कर चले गए। इसको लेकर उन्होंने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के प्रभारी महाप्रबंधक मुकेश शर्मा को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मैं अभी बाहर हूं मामले को दिखवाता हूं।

पोरवाल का कहना है कि पहले ही औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों का निर्माण नहीं हो रहा है। विभागों में आपसी तालमेल के अभाव के चलते दो करोड़ की रोड व ड्रेनेज सिस्टम को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जबकि पानी की पाइप लाइन डालने के लिए रोड को खोदने की जरूरत ही नहीं पड़ती क्योंकि जहां पर रोड खोदी है। वहां से 25 फीट की दूरी पर पाइपलाइन डालने के लिए पाइप डाल रखे हैं। इसकी जानकारी शायद उद्योगविभाग के अधिकारियों को नहीं है। न ही उन्होंने किसी से संपर्क करने की कोशिश की।

## नगर निगम रोड सुधार कर देगा

पीएम योजना के तहत बने आवास तक पानी पहुंचाने के लिए पाइप डाली जा रही है। इसके लिए खुदाई की है। निगम आयुक्त ने चर्चा हुई है। उन्होंने खोदी गई रोड को सुधारने का कहा है।

**मुकेश शर्मा**, प्रभारी महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र रतलाम।

पत्रिका

पत्रिका 7/3/22

# कचरा संग्रहण वाहन के 8 वाहन ड्राइवर और हेल्पर का एक दिन का वेतन काटा

रतलाम | रविवार को डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन चलाने वाले 8 ड्राइवर और हेल्पर बिना सूचना के ड्यूटी पर नहीं आए। रिपोर्ट मिलने पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काट दिया है। कार्रवाई रुपेश चावरे, जितेंद्र तोमर, विकास, निकेश, सुनील, अंकित खत्री, संदीप व मुकेश पर हुई है। सभी को बर्खास्त करने का नोटिस भी दिया गया है।

**उधर स्पॉट फाइन दल ने कचरा व गंदगी करने पर 21 व्यक्तियों से 1500 रुपए वसूले** -सार्वजनिक स्थानों, सड़कों पर गंदगी व कचरा फेंकने वाले दुकानदार व नागरिकों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। ऐसे ही 21 व्यक्तियों से रविवार को 1500 रुपए जुर्माना वसूला गया। इसमें ऋतुश्री पान भंडार पर 2000 रुपए, दिलीप कटारिया, शाकिर हुसैन, ओमप्रकाश जाटव, सुल्तान, समीन पर 500 रुपए, रखब ज्वैलर्स, राजू पर 300 रुपए, लक्ष्मण पर 200 रुपए, राहुल बाथम, विनोद माली, हुसैनी बाई, हंसराम, सुमन माली, आजाद, लोकेंद्र, अमीत, गोपाल पर 100 रुपए, मनोहर बाथम, कमल, आरती पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

भास्कर

दै. भास्कर 7/3/22

# विधायक श्री चेतन्य काश्यप, कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शहर में निर्माणाधीन सड़कों का जायज़ा लिया गया

## सड़क भूमिपूजन भी किया, समस्त कार्यों को 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए

रतलाम। रतलाम शहर विधायक श्री चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शनिवार को शहर का सघन भ्रमण करके निर्माणाधीन सड़कों तथा अन्य कार्यों का जायजा लिया गया। शहर में लगभग 5 करोड़ रूपए के टेंडर सड़कों के निर्माण हेतु जारी हुए हैं। विधायक तथा कलेक्टर द्वारा निरीक्षण की गई सड़कों के संबंध में ठेकेदारों को आगामी 15 मई तक कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। बताया गया कि होली के त्यौहार के पश्चात कार्य गति पकड़ेंगे। इस दौरान एसडीएम श्री राजेश शुक्ला, निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश व्यास, श्री मोहम्मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्री श्याम सोनी आदि उपस्थित रहे।

स्वतंत्र तेवर 7/3/22

निरीक्षण के दौरान विधायक श्री चेतन्य काश्यप द्वारा चोमुखीपुल से गणेश देवरी तक बनने वाली सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। बताया गया कि आगामी एक माह में सड़क का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पश्चात पैलेस रोड से लगे चक्की वाली गली में सड़क निरीक्षण के दौरान विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी जगह निर्माण से छूटे नहीं, कच्ची जगह पक्की की जाए। आवश्यकता होने पर पेवर ब्लॉक लगाए जाएं।

इसके पश्चात शेरानीपुरा पहुंचकर जमातखाने से लेकर हजीरा पुलिया तक बनने वाली सीसी रोड के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान पर्याप्त स्थान उपलब्धता के दृष्टिगत 12 मीटर सड़क निर्माण तय किया गया। रविवार से 6 मीटर सड़क निर्माण आरंभ कर दिया जाएगा जो पूर्व में 4 मीटर प्रस्तावित था, बाकी 6 मीटर सड़क निर्माण के लिए टेंडर जारी होंगे, पोल शिफ्टिंग भी किए जाएंगे तथा जहां चौडाई कम है, वहां पूरी चौडाई में सड़क बनाने के लिए रजिस्ट्री चेक करके अतिक्रमण होने पर हटाया जाएगा। बताया गया कि हजीरा पुलिया भी नए सिरे से बनाई जाएगी। मॉर्निंग स्टार से टैंकर रोड सड़क निर्माण का निरीक्षण भी किया गया, कार्य पूरा कर लिया गया है परन्तु आगे औद्योगिक क्षेत्र तक कनेक्टिविटी देने के लिए छूटे हुए हिस्से पर सडक निर्मित की जाएगी तथा आगे जेवीएल मंदिर तक रास्ता बनाया जाएगा। इसके बाद इंद्रलोक नगर मेन रोड निर्माणाधीन डामरीकरण कार्य देखा गया। जनचेतना मूक बधिर स्कूल परिसर में 72 लाख रुपए लागत से निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण तेजी से चल रहा है। यहां टेबल टेनिस तथा बैडमिंटन हाल की सुविधा रहेगी। कार्य आगामी 15 मई तक पूरा कर लिया जाएगा।

डोंगरे नगर में निर्माणाधीन सीमेंट कांक्रीट सड़क निरीक्षण किया गया। विधायक ने निर्देश दिए कि कोई भी जगह छूटे नहीं और जहां अतिक्रमण हो उसे हटाकर कार्य किया जाए। अंबे माता चौक से साईं बिल्डिंग तक डामर सड़क निर्माण देखा गया। सेठजी के बाजार में ढाई सौ मीटर लंबे मार्ग निर्माण के लिए निरीक्षण किया गया। विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक व्यवस्थित ढंग से किए जाएं। विधायक तथा कलेक्टर नयागांव क्षेत्र में पहुंचे, जहां पूर्व पार्षद सुश्री सीमा टांक द्वारा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के संबंध में विधायक तथा कलेक्टर को बताया गया। विनोबा नगर मुक्तिधाम पहुंचकर भी निरीक्षण किया गया जहां विधायक निधि से शेड निर्मित किया जा रहा है। सामने के चोराहे पर विधायक द्वारा नागरिको की मांग पर हाई मास्ट लगाने के निर्देश दिए गए। मुक्तिधाम के बगल में खाली पड़ी भूमि पर सब्जी तथा फल वालों को बैठने के लिए स्थान देने पर चर्चा की गई तथा कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सब्जी तथा फल वालों के लिए सैलाना ओवरब्रिज के नीचे एवं एमपीईबी ग्रिड के सामने खाली पड़ी भूमि का भी निरीक्षण करके कार्य शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया। साक्षी पेट्रोल पंप के सामने 20 हजार स्क्वायर फीट भूमि का उपयोग भी फल तथा सब्जी वालों को स्थान देने के लिए किया जाएगा। धोलावाड कार्यालय के बाहर सुविधा घर निर्माण हेतु निर्देशित किया गया।



# गंदगी बाहर, सुविधाघर पर जड़ा ताला, सफाई नहीं होने से परेशान



**रतलाम.** निगम की सफाई व्यवस्था में लापरवाही से परेशान कारोबारियों ने जावरा रोड स्थित सार्वजनिक सुविधाघर पर ताला जड़ दिया है। नगर निगम ने रेलवे की भूमि पर सार्वजनिक सुविधाघर जावरा रोड पर तब बनाया जब अंडरब्रिज निर्माण होने के बाद यात्री बसों का ठहराव होने लगा। इस दौरान इस क्षेत्र में बनी पुलिस चौकी के स्थान पर सार्वजनिक सुविधाघर बना दिया। कारोबी विपिन खिलोसिया ने बताया कि नगर निगम आकर एक बार भी सफाई नहीं करता है। ऐसे में सभी ने मिलकर निर्णय लिया कि ताला लगा दिया जाए। जिससे गंदगी बाहर नहीं आए।

इस बात की जानकारी पहली बार मिल रही है। स्वयं जाकर देखेंगे कि क्या समस्या है। ताला हटवाया जाएगा व नियमित सफाई हो यह व्यवस्था की जाएगी। - **सोमनाथ झारिया,** आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 7/3/22

# पाइप लाइन के लिए खोद दी सीसी रोड, ड्रेनेज लाइन भी तोड़ी

## इंडस्ट्रियल एरिया में सीसी रोड को हुआ नुकसान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

पानी की पाइप लाइन के लिए इंडस्ट्रियल एरिया में खुदाई चल रही है। खुदाई में पटेल मोटर्स के पास की सीमेंट कांक्रीट रोड खोद दी है। इससे ड्रेनेज को भी नुकसान पहुंचा है। इंडस्ट्रियल एरिया में पहले ही सड़क जर्जर हो रही है और मरम्मत नहीं की जा रही है। इसके बावजूद खुदाई से सड़क फिर डेमैज हो गई है। खास बात तो यह है कि खुदाई में ड्रेनेज लाइन का भी ध्यान नहीं रखा गया। इससे उसे भी नुकसान हुआ है। जबकि यहां से 20 फीट की दूरी पर सड़क के नीचे चार पाइप डाल रखे है। ताकि लाइन उसमें से गुजारी जा सके। इससे सड़क की खुदाई भी ना करना पड़े। लेकिन शार्टकट के चलते सड़क ही खोद दी गई। जबकि इन पाइप से पानी की पाइप लाइन ले जाई जाती तो ना तो ड्रेनेज लाइन टूटती. और ना ही सड़क।

**हर बार छुट्टी और संडे को ही करते हैं खुदाई ताकि पता ना चले-** पानी की पाइप लाइन हो या टेलीफोन की लाइन या फिर मोबाइल लाइन के लिए खुदाई हो।



इंडस्ट्रियल एरिया में खुदाई करते हुए।

### ठेकेदार से चर्चा हुई है, मरम्मत करवाएगा

उद्योग विभाग के महाप्रबंधक मुकेश शर्मा ने बताया पीएम हाउस के मकानों के लिए पानी की पाइप लाइन डाली जा रही है। इससे ड्रेनेज और सड़क को नुकसान की जानकारी मिली है। इस संबंध में ठेकेदार से बात हुई है। ठेकेदार द्वारा मरम्मत कराई जाएगी।

इंडस्ट्रियल एरिया में खुदाई के लिए हर बार छुट्टी और संडे का दिन ही तय किया जाता है। ताकि किसी को पता ना चले। भास्कर

दै. भास्कर 7/3/22

नगर निगम के स्वच्छता के दावों की खुल रही पोल

# रेल नगर में नाली का पानी घरों में रिस रहा



रतलाम. शहर के रेल नगर क्षेत्र में रहने वाले लोग इन दिनों नरकीय जीवन व्यतित करने को मजबूर है। दरअसल यहां की नालियां जाम होने से उनका पानी खाली पड़े प्लाट के गड्ढों में जमा हो रहा है और अब जब गड्ढे भी पूरी तरह से भरा चुके है तो वह रिसकर घर में आ रहा है जिसके चलते यहां के रहवासी परेशान हो रहे है। लोगों की माने तो उनके घरों में सितांग आने से दीवारे खराब हो गई है और घर में दुर्गंध आती रहती है।

क्षेत्र के रहवासियों की माने जब शिकायत करते है तब निगम से जुड़े जिम्मेदार आकर थोड़ा बहुत पानी निकालने का काम दिखाकर शिकायत बंद करा देते है और बाद में फिर ऐसे गायब होते है कि कोई नजर नहीं आता है। आलम यह है कि पूरे क्षेत्र में नाली की दुर्गंध आने से घरों के भीतर रहना भी मुश्किल हो जाता है।

## अन्य क्षेत्रों में भी यहीं हालात

रेल नगर ही नहीं शहर के अन्य इलाकों में भी सफाई व्यवस्था के हालात कुछ ऐसे ही है। कभी मुख्य बाजार में ड्रेनेज और नालियों का पानी सड़कों पर बहता रहता है तो कभी गली-मोहल्लों में नालियां जाम होने से लोग परेशान होते है। शहर के दो बत्ती क्षेत्र में चौपाटी के पास बीस दिनों से ड्रेनेज व्यवस्था को सुधारने के लिए खुदाई कार्य कर रखा है लेकिन आज तक वह पूरी तरह से ठीक नहीं होकर गड्ढा भी खुला रहता है। पत्रिका

पत्रिका 7/3/22

**डेवलपमेंट** • जिले के दौरे पर आए जिला प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा : जल्द मिल जाएगी स्वीकृ

# 50 करोड़ रुपए के खर्च से शहर में सड़क, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा मजबूत करेंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सड़क, स्वास्थ्य सहित बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए शहर में 50 करोड़ रुपए के विकास कार्य होंगे। विधायक चेतन्य काश्यप मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इससे काम तेजी से हो रहे हैं।

यह दावा रविवार को जिले के दौरे पर आए प्रभारी मंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने किया। प्रदेश के बजट सत्र के बारे में प्रभारी मंत्री ने बताया कि इसमें पहली बार महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से प्रावधान किया जा रहा है। कर्मचारियों की सुविधा के लिए पैकेज लाया जा रहा है। इसमें कांग्रेस सरकार द्वारा खत्म की गई पुरानी पेंशन योजना को वापस लागू करेंगे।

**23 प्राणवायु अवॉर्ड से हुए सम्मानित** - सर्किट हाउस पर पर प्रभारी मंत्री ने अंकुर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 23 लोगों को प्राणवायु अवॉर्ड से सम्मानित किया। ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, राजेंद्रसिंह लुनेरा, श्याम सुन्दर शर्मा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## गढ़कैलाश सेवा समिति ने किया सम्मान



प्रभारी मंत्री का सम्मान करते श्री गढ़कैलाश सेवा समिति के पदाधिकारी।

## गणमान्यजन और आमजन से मुलाकात की

प्रभारी मंत्री ने अमृत सागर तालाब किनारे स्थित श्री गढ़ कैलाश महादेव के भी दर्शन किए। सेवा समिति के सतीश राठौड़, राजा राठौड़, बलवीर सिंह आदि ने उनका अभिनंदन किया। इसके पहले सर्किट हाउस पर भदौरिया ने स्थानीय गणमान्यजन और आमजन से मुलाकात की गई। साथ ही शहर विकास के मुद्दे पर बात की। यहां से इब्राहिम शेरानी के शेरानीपुरा निवास पहुंचे और पिता की मृत्यु पर श्रद्धांजलि अर्पित कर परिवार को सांत्वना दी।

## प्रभारी मंत्री भदौरिया का किया स्वागत



नामली में प्रभारी मंत्री का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

नामली | रतलाम से जावरा के प्रवास दौरे पर आए जिले के प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया का पंचेड़ फंटे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया। उनके साथ ग्रामीण विधायक दिलीप मकवाना, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, 'जिला संगठन प्रभारी मंत्री श्याम सुंदर शर्मा भी थे। सां प्रतिनिधि बाबूलाल कर्णध मंडल अध्यक्ष दिनेश धाकड़, मंडल अध्यक्ष मदन लाल परम महामंत्री पुखराज जाट, विवेका चौधरी, श्यामसुंदर परिह भीमसिंह राठौर सहित बड़ी सं में कार्यकर्ता मौजूद थे।

द. भास्कर 7/3/22

# वृक्षारोपण किया गया

रतलाम, संवाददाता द्वारा। मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के जन्म दिवस के अवसर पर 5 मार्च को अमृत सागर उद्यान में विधायक चैतन्य काश्यप, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, राजेंद्रसिंह लुनेरा द्वारा वृक्षारोपण किया गया। उनके अलावा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम राजेश शुक्ला, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, मनोहर पोरवाल, अशोक पोरवाल, बजरंग पुरोहित, प्रदीप उपाध्याय, निमिष व्यास, गोविंद काकानी, के.के. सोनी, डूडा प्रभारी अरुण पाठक, जिला प्रबंधक आजीविका मिशन हिमांशु शुक्ला, जन अभियान परिषद प्रबंधक श्री रत्नेश विजयवर्गीय, जिला शिक्षा अधिकारी श्री के.सी. शर्मा ने भी वृक्षारोपण किया।

अमृत सागर उद्यान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों के अलावा विभिन्न संगठनों के युवा जन भी बड़ी सं या में मौजूद थे जिनके द्वारा वृक्षारोपण में सहभागिता की गई। इनमें दृश्य वेलफेयर सोसाइटी के नवोदित बैरागी, रोबिन हुड आर्मी के जय तलेरा, मृदुल मूणत, मानस मित्तल तनिषा जैन, अभिनव जैन, यश मित्तल, तनु बाफना, हर्षिका राव शामिल थे। विधायक तथा कलेक्टर द्वारा अमृत सागर में जलकुंभी सफाई का निरीक्षण भी किया गया।

सेतु

सेतु संकल्प 7/3/२२

# विधायक, कलेक्टर द्वारा शनिवार को शहर में निर्माणाधीन सड़कों का जायजा लिया गया

## सड़क भूमिपूजन भी किया, समस्त कार्यों को 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए

रतलाम, संवाददाता द्वारा। रतलाम शहर विधायक चेतन्य काश्यप तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा शनिवार को शहर का सघन भ्रमण करके निर्माणाधीन सड़कों तथा अन्य कार्यों का जायजा लिया गया। शहर में लगभग 5 करोड़ रूपए के टेंडर सड़कों के निर्माण हेतु जारी हुए हैं। विधायक तथा कलेक्टर द्वारा निरीक्षण की गई सड़कों क्रे संबंध में ठेकेदारों को आगामी 15 मई तक कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया। बताया गया कि होली के त्यौहार के पश्चात कार्य गति पकड़ेंगे। इस दौरान एसडीएम राजेश शुक्ला, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, मोह मद हनीफ शेख, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान विधायक चेतन्य काश्यप द्वारा चोमुखीपुल से गणेश देवरी तक बनने वाली सड़क निर्माण का भूमिपूजन किया गया। बताया गया कि आगामी एक माह में सड़क का निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। इसके पश्चात पैलेस रोड से लगे चक्की वाली गली में सड़क निरीक्षण के दौरान विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि कोई भी जगह निर्माण से छूटे नहीं, कच्ची जगह पक्की की जाए। आवश्यकता होने पर पेवर ब्लॉक लगाए जाएं।

इसके पश्चात शेरानीपुरा पहुंचकर जमातखाने से लेकर हजीरा पुलिया तक बनने वाली सीसी रोड के लिए स्थल निरीक्षण किया गया। इस दौरान पर्याप्त स्थान उपलब्धता के दृष्टिगत 12 मीटर स?क निर्माण तय किया गया। रविवार से 6 मीटर स?क निर्माण आरंभ कर दिया जाएगा जो पूर्व में 4 मीटर प्रस्तावित था, बाकी 6 मीटर स?क निर्माण के लिए टेंडर जारी होंगे, पोल शिर्फ्टिंग भी किए जाएंगे तथा जहां चौडाई कम है, वहां पूरी चौड़ाई में सडक बनाने के लिए रजिस्ट्री चेक करके अतिक्रमण होने पर हटाया जाएगा। बताया गया कि हजीरा पुलिया भी नए सिरे से बनाई जाएगी। मॉर्निंग स्टार से टैंकर रोड स?क निर्माण का निरीक्षण भी किया गया, कार्य पूरा कर लिया गया है परन्तु आगे औद्योगिक क्षेत्र तक कनेक्टिविटी देने के लिए छूटे हुए हिस्से पर सडक निर्मित की जाएगी तथा आगे जेवीएल मंदिर तक रास्ता बनाया जाएगा। इसके बाद इंद्रलोक नगर मेन रोड निर्माणाधीन डामरीकरण कार्य देखा गया। जनचेतना मूक बधिर स्कूल परिसर में 72 लाख रुपए लागत से निर्माणाधीन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का निर्माण तेजी से चल रहा है। यहां टेबल टेनिस तथा बैडमिंटन हाल की सुविधा रहेगी। कार्य आगामी 15 मई तक पूरा कर लिया जाएगा।

डोंगरे नगर में "निर्माणाधीन सीमेंट कांक्रीट सड़क निरीक्षण किया गया। विधायक ने निर्देश दिए कि कोई भी जगह छूटे नहीं और जहां अतिक्रमण हो उसे हटाकर कार्य किया जाए। अंबे माता चौक से साईं बिल्डिंग तक डामर सड़क निर्माण देखा गया। सेठजी के बाजार में ढाई सौ मीटर लंबे मार्ग निर्माण के लिए निरीक्षण किया गया। विधायक द्वारा निर्देशित किया गया कि नाली निर्माण, पेवर ब्लॉक व्यवस्थित ढंग से किए जाएं। विधायक तथा कलेक्टर नयागांव क्षेत्र में पहुंचे, जहां पूर्व पार्षद सुश्री सीमा टांक द्वारा क्षेत्र में विभिन्न कार्यों के संबंध में विधायक तथा कलेक्टर को बताया गया।

विनोबा नगर मुक्तिधाम पहुंचकर भी निरीक्षण किया गया जहां विधायक निधि से शेड निर्मित किया जा रहा है। सामने के चोराहे पर विधायक द्वारा नागरिको की मांग पर हाई मास्ट लगाने के निर्देश दिए गए। मुक्तिधाम के बगल में खाली प?ी भूमि पर सब्जी तथा फल वालों को बैठने के लिए स्थान देने पर चर्चा की गई तथा कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा सब्जी तथा फल वालों के लिए सैलाना ओवरब्रिज के नीचे एवं एमपीईबी ग्रिड के सामने खाली प?ी भूमि का भी निरीक्षण करके कार्य शुरू करने हेतु निर्देशित किया गया। साक्षी पेट्रोल पंप के सामने 20 हजार स्क्वायर फीट भूमि का उपयोग भी फल तथा सब्जी वालों को स्थान देने के लिए किया जाएगा। धोलावाड़ कार्यालय के बाहर सुविधा घर निर्माण हेतु निर्देशित किया गया।

सेतु संकल्प 7/3/22